बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल

卐 ।। श्री हरि: ।। 卐

# सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

मंगलवार

बंगाल

21 जनवरी 2020

माघ कृष्णपक्ष द्वादशी 12, विक्रम संवत् 2076

वर्ष 74, अंक 285, पूर्णांक 25756

मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 14

www.sanmarg.in



**आत्महत्या** : कुल्टी थाना अंतर्गत रानीतला निवासी विरेन्द्र महतो (40) ने पारिवारिक अशांति के कारण रविवार की रात कीटनाशक रसायन पी ली। उसे बेहोशी अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया।

**दो ने फांसी लगाकर की आत्महत्या** : कुल्टी थाना अंतर्गत मनबेरिया नीचूपाड़ा निवासी चांद बाउरी की पुत्री शोभा बाउरी (17) ने रविवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी ओर अंडाल थाना अंतर्गत उखड़ा शंकरपुर के माझी पाड़ा निवासी विश्वजीत धांगड़ (21) ने रविवार की रात मानसिक तनाव में फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया।

# रावी सदन ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, गंगा सदन रनर

## दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

- **कॉमनवैल्थ गेम्स में पांच रजत पदक विजेता कौस्तभ घोष ने किया उद्घाटन**

सन्मार्ग संवाददाता

**आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) में सोमवार को विद्यालय स्तर पर एक दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन कॉमनवैल्थ गेम्स में पांच रजत पदक प्राप्त,टीम इण्डिया पावरलिफ्टिंग के पूर्व कप्तान कौस्तभ घोष ने किया। प्राचार्य आरडी शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन के साथ–साथ मानसिक व शारीरिक विकास होता है। खेलों के परिणामस्वरूप ही भारत ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद का भी एक छात्र के जीवन में विशेष महत्त्व होता है। खेलकूद जीवन से तनाव को दूर कर मस्तिष्क के लिए ज्ञानार्जन हेतु दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षा जगत से सम्बन्ध रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वे बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करें तथा स्वयं भी नियमित रूप से अपनी पसंद का कोई खेल खेलें।



अतिथियों के साथ विजेता प्रतियोगी

अंतर्सदन परेड प्रतियोगिता में गंगा और झेलम सदन प्रथम, यमुना द्वितीय तथा रावी सदन तृतीय स्थान पर रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत मुन्नों की ड्रिल और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति के सन्देश को

अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। दौड़ प्रतियोगिताओं में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के लिए बैग पैकिंग दौड़, बकेट एण्ड बॉल दौड़ व मास्क दौड़ कराई गई। मध्यम वर्ग ने 100 मीटर , 200 मीटर, 400 मीटर, थ्री लैग्ड तथा रस्सा कूद दौड़ में भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग के लिए भी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंतर्सदन 4x100 रिले रेस में गंगा सदन ने बाजी मारी, रावी तथा झेलम सदन क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के रूप में सिद्धार्थ एन चंद्रा तथा अदिति व्यास चुने गये।

प्राचार्य ने खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए खेलों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्ति हेतु अनिवार्य बताया, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। शिक्षकों ने खेल मैदान में रहकर छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्रॉफी शानदार प्रदर्शन कर रावी सदन ने जीती, जबकि गंगा सदन उपविजेता रहा। विजेता छात्रों को प्रशस्ति–पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका सह समन्वयिका दीप्ति घोष ने धन्यवाद ज्ञापन किया।